हिसार अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट

चर्चा में क्यों?

10 नवंबर, 2021 को हिसार में बनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि हिसार में आगामी अक्टूबर, 2022 तक अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित कर दिया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि हिसार के अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का रन-वे आगामी मई 2022 तक तैयार कर दिया जाएगा और इसी कड़ी में सितंबर 2022 तक एयरपोर्ट में लाइटिंग का कार्य भी पूर्ण कर दिया जाएगा।
- हिसार के विकास के तहत एक कमेटी का गठन किया गया है, ताकि हिसार को एक सुव्यवस्थित शहर बनाया जा सके। इसी प्रकार, हिसार एयरपोर्ट पर आने व जाने के लिये मिर्चापुर व डुंडूरपुर पर क्लोवर कनेक्टीविटी का एक प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, ताकि सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके।
- हिसार एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट्स को भी पार्किंग करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा, एयरपोर्ट पर दो अलग-अलग टर्मिनलों का भी निर्माण किया जाएगा, जिनकी दिसंबर के अंत तक डिज़ाइन तैयार कर दी जाएगी।
- इसके अलावा, हिसार एयरपोर्ट पर ट्रेन या मैट्रो की सुविधा देने हेतु संभावनाएँ भी तलाशी जा रही हैं, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो तथा कार्गो की सुविधा भी आसान हो सके।
- हिसार एयरपोर्ट पर एक मैन्युफैक्चरिंग हब भी प्रस्तावित किया गया है, ताकि यहाँ पर विशेष प्रकार के उद्योगों को स्थापित किया जा सके और राज्य के युवाओं को रोज़गार सुनिश्चित हो सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hisar-international-airport